# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
## Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


प.सं.3-2/2021(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/२१०१ दिनांक : 10/08/2026

**सूचना**

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन में सीधी भर्ती से स्टाफ कार ड्रायवर हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के कौशल परीक्षा के सम्बन्ध में ।**

प्रतिष्ठान द्वारा स्टाफ कार ड्रायवर के 01 पद को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने हेतु रोजगार समाचार के दिनांक 11 से 17 जुलाई, 2026 के अंक में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था तथा आवेदन आमंत्रित किए गए थे एवं दिनांक 09 अगस्त, 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी ।

लिखित परीक्षा के आधार सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा अधोलिखित विवरणानुसार आयोजित की जाएगी ।

| क्र.सं. | पद का नाम | दिनांक | समय | उपस्थिति स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टाफ कार ड्रायवर | 12/08/2026 | प्रात: 08:00 | महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पोस्ट - जवासिया, उज्जैन - 456006 |

**अभ्यर्थियों की सूची तथा दिशा-निर्देश संलग्न हैं ।**

10/8/2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :

(1) सहायक निदेशक, मसारावेविप्र
(2) कौशल परीक्षा हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित ।
(3) सम्बन्धित पत्रावली
(4) कार्यालय आदेश पत्रावली


वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in

Maharshi Sandipani Rashtriya Veda Vidya Pratishthan, Ujjain

Skill Test for the post of Staff Car Driver on DR basis against Advertisement 434 dated 11/07/2026

| Skill Test Date | | 12/08/2026 |
|---|---|---|
| Time | | 08:00 AM |
| S.No. | Provisional Roll No. | Name of the Applicant |
| 1 | SCD/7/26-0001 | Shri Ashish |
| 2 | SCD/7/26-0003 | Shri Omprakash |
| 3 | SCD/7/26-0004 | Shri Vikas Meel |
| 4 | SCD/7/26-0005 | Shri Rajpal |
| 5 | SCD/7/26-0008 | Shri Amandeep |
| 6 | SCD/7/26-0009 | Shri Sunil Dhawan |
| 7 | SCD/7/26-0011 | Shri Rajendra Choudhary |
| 8 | SCD/7/26-0012 | Shri Vaibhav Rajpoot |
| 9 | SCD/7/26-0013 | Shri Sachin |
| 10 | SCD/7/26-0014 | Shri Jayesh Singh |

Note: Sharp at 8:00 AM be present with all original documents, on 12/8/2026.

[signature]

10/8/2026

## स्टाफ कार ड्रायवर पद हेतु कौशल परीक्षा में उपस्थिति हेतु महत्वपूर्व निर्देश

1. कौशल परीक्षा हेतु सूचीबद्ध उम्मीदवार को अपने समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्र, ड्रायविंग लाइसेंस एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र (ID) (आधार कार्ड, पेन कार्ड), जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। मूल प्रमाण पत्रों के अभाव में उम्मीदवार को कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।
2. उम्मीदवार के समस्त प्रमाण पत्रों की जांच उपरांत ही कौशल परीक्षा में उपस्थित किया जाएगा । प्रमाण पत्रों की जांच में किसी भी प्रकार फर्जी प्रमाण पत्र पाए जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।
3. लिखित परीक्षा के आधार पर कौशल परीक्षा में बुलाए गए अभ्यर्थी के स्थान पर अन्य किसी अभ्यर्थी के उपस्थित होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।
4. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे कौशल परीक्षा हेतु केन्द्र पर पूर्वाह्न 8:00 बजे उपस्थित हों।
5. अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के निर्धारित समय पर ही प्रतिष्ठान परिसर में प्रवेश की अनुमति रहेगी । कौशल परीक्षा उपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को प्रतिष्ठान परिसर में रहने की अनुमति नहीं है ।
6. अभ्यर्थी को कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/मोबाइल फोन / बैग अथवा अन्य किसी भी प्रकार की सामग्री प्रतिष्ठान परिसर में लाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थी को अपने व्यक्तिगत सामान (बैग/ मोबाइल फोन/ इलेक्ट्रानिक गैजेट आदि) प्रतिष्ठान परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड को अपने स्वयं की जिम्मेदारी पर जमा कराना होगा । यह सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों की तलाशी ली जाएगी कि उनके पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/मोबाइल/अवांछित सामग्री आदि न हो।
7. यदि किसी उम्मीदवार के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या कोई अन्य वायरलेस कम्युनिकेशन (चाहे काम कर रहा हो या स्विच ऑफ मोड) साधन पाया जाता है उसकी उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी और उसे कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।
8. उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई टीए/डीए भुगतान अथवा आवास की व्यवस्था नहीं की जाएगी ।
9. उम्मीदवारों के लिखित परीक्षा के आधार पर प्रतिष्ठान द्वारा कौशल परीक्षा में बुलाया गया है। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उम्मीदवार की योग्यता, आयु आदि के संदर्भ में पात्रता मानदंड में कोई भी विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी।
10. चयन प्रक्रिया के सभी मामलों में, चयन समिति का निर्णय सभी उम्मीदवारों के लिए अनुपालनीय होगा।
11. प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा /कौशल परीक्षा में सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों की संख्या में परिवर्तन, परीक्षा को पूर्णतः / आंशिक निरस्त करना / स्थगित करने अथवा परीक्षा/ चयन प्रक्रिया में किसी कारणवश किसी भी प्रकार के परिवर्तन का सम्पूर्ण अधिकार प्रतिष्ठान के पास सुरक्षित रहेगा । इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा ।
12. कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा ।
13. केवल लिखित परीक्षा में उपस्थित सूचीबद्ध उम्मीदवार ही कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित रहेंगे ।

15/8/2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव